मृदुल पत्रिका
समाचार पत्र को समस्त
जिलों एवं तहसील-कस्बों
में संवाददाताओं की
आवश्यकता है।
सम्पर्क सूत्र
9828888853

दैनिक
मृदुल पत्रिका
राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा से प्रकाशित

हमारे यहां किताबों
व समाचार पत्रों की
प्रिन्टिंग की जाती है
सम्पर्क सूत्र
9571039307
(भरत प्रिंटर्स एण्ड
सैल्स कॉर्पोरेशन)

पृष्ठ 8 वर्ष 16 मूल्य 2.00 रुपए अंक 277 | जयपुर, मंगलवार, 20 मई, 2025 | RNI/RAJHIN/2008/27048 | dainikmridulpatrika@gmail.com | 9413193990

निहांशी, राघव और माधवन ने चित्रकला प्रतियोगिता में मारी बाजी

स्वच्छता पखवाड़े के दौरान हुई थी प्रतियोगिताएं

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। सीएसआईआर-सीरी में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्टाफ के बच्चों के लिए आयोजित चित्रकला (सिट एंड ड्रॉ) प्रतियोगिता में कक्षा 2 तक के वर्ग में निहान्सि, कक्षा 3 से 8 के वर्ग में राघव और कक्षा 8 से 12 के वर्ग में माधवन ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम वर्ग में जहरा, द्वितीय वर्ग में अदित्रि एवं अद्रिजा और तृतीय वर्ग में अक्षिता उपविजेता रहे। इसी प्रकार नियमित एवं अस्थायी सहकर्मियों के लिए आयोजित 'नारा लेखन प्रतियोगिता' में प्रधान वैज्ञानिक संजीव कुमार ने प्रथम तथा अप्रेन्टिस पंकज कुमार काला ने बाजी मारी।

विजेताओं को संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं।

इसके अलावा अनुभागों के लिए 'स्वच्छ अनुभाग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया जिसमें राजभाषा प्रकोष्ठ ने प्रथम और स्थापना अनुभाग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि सीएसआईआर मुख्यालय और भारत सरकार के निदेशानुसार संस्थान एवं कॉलोनी परिसर में स्वच्छता गतिविधियों तथा छोटे बच्चों एवं कार्मिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वच्छता गतिविधियों में न केवल संस्थान अपितु कॉलोनी परिसर में भी सहकर्मियों ने स्वैच्छिक श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दिया।